॥ श्रीः ॥

वाराणसी का आधिदैविक वैभव

कुबेरनाथ सुकुल
कालभैरव, वाराणसी

सं० २०२५ वि०

श्रीः

ऊरूक्रमं विश्वकर्माणमीशं जगत्सृष्टारं धर्मदृश्यं वरेण्यम् ।
तं सर्वं त्वां धृतिमद्धामदिव्यं विश्वेश्वरं भगवन्तं नमस्ये ॥

प्रस्तावना

भगवान् विश्वनाथ की महती कृपा से वाराणसी के सुप्रख्यात तीर्थों की सूची प्रकाशित करते हुए हमको अपार हर्ष होता है । वाराणसी में एक सहस्र से अधिक तीर्थों का नामोल्लेख पुराणों में मिलता है परन्तु काल के विपर्यय से उनमें से प्रायः तीन सौ तीर्थों का पता ठिकाना बीस वर्षों के सतत प्रयत्न से भी नही लग पाया । इनमें से बहुत से तो लुप्त हो गए हैं परन्तु बहुत्त से अभी भी विद्यमान हैं जिनके नाम जनमानस भूल गया है । उनका पता लगाने का प्रयत्न अभी भी चल रहा है और इस पुस्तिका के द्वितीय संस्करण में आगे होने वाली उपलब्धि भी पाठकों की सेवा में यथासमय प्रस्तुत की जायगी ।

इस कार्य में इतने लोगों की सहायता मिलती रही है कि उनको व्यक्तिगत रूप से घन्यवाद देना सम्भव नहीं है किन्तु गोयनका पुस्तकालय के अध्यक्ष पं० श्रीकृष्ण जी पन्त की कृपा के बिना यह काम सम्भव ही नहीं था अतएव उनके हम अत्यन्त आभारी हैं ! पं० मुरलीधर पाण्डेय तथा पं० लक्ष्मी कृष्ण जी गोर की भी हमपर इस सम्बन्ध में अनन्य कृपा रही है । उनको भी धन्यवाद देना हमारा धर्म है । चिरंजीवी ज्वालाप्रसाद मिश्र ने इस कार्य में जितना परिश्रम किया है वह स्तुत्य है । वे हमारे शिष्य हैं इसलिये उनको धन्यवाद देना अनुचित होगा अतएव उनको आशीर्वाद देकर ही सन्तोष करना पड़ता है ।

वाराणसी के धार्मिक इतिहास तथा आधिदैविक भूगोल का विस्तृत विवेचन भी एक स्वतंत्र ग्रंथ में किया गया है जो आशा है शीघ्र ही प्रकाशित होगा ।

भगवान् विश्वनाथ सभी का कल्याण करें ।

अनन्त चतुर्दशी
सं० २०२५ वि०

कुबेरनाथ सुकुल

श्रीः

वाराणसी के सुविख्यात देवायतनों तथा तीर्थों का स्थाननिर्देश

अग्निजिह्व वेताल—वृद्धकाल के पास मकान नं० के ५३/३२ में शिवलिंग।
अग्निजिह्व वेतालकुंड—वहीं पर लुप्त।
अग्नितीर्थ—अग्नीश्वर घाट पर।
अग्नीश्वर—अग्नीश्वर घाट के ऊपर गली में मकान नं० सीके २/३ में। अपने प्राचीन स्थान स्वर्लीनेश्वर के समीप मकान नं० ए १२/२ में भी वर्तमान।
अग्नीश्वर द्वितीय—(आग्नीध्रेश्वर)—जागेश्वर नाम से प्रसिद्ध नरहरिपुरा में के० ६६/४ में; कुंड ईश्वरगंगी।
अगस्त्य कुंड—अगस्त्यकुंडा महल्ले में प्रतीकरूप से।
अगस्त्येश्वर—वहीं मकान नं० डी० ३६/११ में।
अत्युग्र नरसिंह—कलशेश्वर के पश्चिम गोमठ में। मकान नं० सीके ८/२१।
अनारकह्लद (अमरकह्लद-कृ०)—अमरैया तालाव। लाटभैरव के समीप।
अनारकेश्वर(अमरकेश्वर) वहीं पर, अब लुप्त।
अप्सरसेश्वर—ज्ञानवापी मस्जिद की सीढ़ियों के सामने खिड़की में छोटा शिवलिंग।
अभयद विनायक—दशाश्वमेध पर शूलटंकेश्वर के मंदिर में मकान नं० डी० १७/१११ के नीचे।
अमृतेश्वर—स्वर्गद्वारी पर मकान नं० सीके० ३३/२८ में नीचेवाला शिवलिंग।
अमृतेश्वरी—वहींपर कुंए के ऊपर।
अम्बिका गौरी—रत्नेश्वर के पास मकान नं० के० ५३/३८ में लुप्त।
अम्बिकेश्वर—वहीं। वर्तमान नाम मानकेश्वर।
अम्बरीषेश्वर—केदार मंदिर में अब लुप्त।

अमरेश्वर—लोलार्क के पास मकान नं० वी २/२० में।

अयोगंधकुंड—पुष्कर नाम से प्रसिद्ध। पहले ओंकार क्षेत्र में। अब मुमुक्षु भवन के सामने।

अयोगंधेश्वर—वहीं।

अर्कविनायक—लोलार्क के समीप घाट के ऊपर मकान नं० वी २/१७ के सामने।

अरुणादित्य—त्रिलोचन मंदिर में।

अरुन्धती तीर्थ—चौसट्टी घाठ के उत्तर में गंगाजी में।

अवधूत तीर्थ—पशुयतीश्वर के पश्चिम। इसी कुंड को पाट कर पशुपतीश्वर महल्ला बसा है। इसका पश्चिमीय तट वर्तमान लाजपत रोड के समीप था।

अवधूतेश्वर—पशुपतीश्वर मंदिर के सामने के मकान नं० सीके १३/८५ में। वहीं पर अवधूत तीर्थ का प्रतीक कुण्ड भी है।

अवभ्रातकेश्वर—नारद घाट के समीप 'विभ्राटकेश्वर' नाम से प्रसिद्ध।

अविमुक्त विनायक—विश्वनाथ मंदिर में नैऋण्यकोण के छोटे मन्दिर में गौरी तथा विष्णु के समीप।

अविमुक्तेश्वर—वाराणसी का सबसे पुनीत शिवलिंग। इस समय दो मन्दिर हैं। एक तो विश्वनाथ जी के घेरे में आग्नेग कोण का छोटा मन्दिर और दूसरा ज्ञानवापी मस्जिद की सीढ़ियों के सामने खिड़की में वड़ा शिवलिंग। पास का छोटा शिवलिंग अप्सरसेश्वर का है।

अविमुक्तेश्वर तीर्थ—मणिकर्णिका घाट और ललिता घाट के बीच के तीर्थों में से एक।

अशोक तीर्थ—इसका दूसरा नाम विलोक तीर्थ था जो भरने पर विलोकनाल हुआं जिसका अपभ्रंश वुलानाला हुआ। इसको पाट कर वुलानाला का महल्ला वसा।

अश्वारूढ़ा—वागेश्वरी के मंदिर में चौक में आले पर। जैतपुरा महल्ला मकान नं० जे० ६/३३ में।

असितांग भैरव—वृद्धकाल के घेरे में सर्वेश्वर के मन्दिर की दीवाल में। मकान नं० के० ५२/३९।

अस्थिक्षेप तड़ाग—बेनियापार्क के तालाव का वह अंश जिसको पाट कर हड़हा महल्ला वसा है।

असिसंभेद तीर्थ—अस्सी संगम। प्रसिद्ध।

अत्रीश्वर—नारदघाट के समीप मकान नं० डी० २५/११ में; पहला स्थान गोकर्ण के समीप लुप्त ।

आदिकेशव—वरणा संगम के समीप । प्रसिद्ध ।

आदित्य केशव—आदिकेशव के पास ।

आदित्य केशव तीर्थ—आम्बरीष तीर्थ तथा दत्तात्रेयेश्वर तीर्थ के बीच में । राजघाट के किलेके सामने ।

आनुसूयेश्वर—वर्तमान स्थान नारदघाट के ऊपर मकान नं० डी २५/११में ।

आपस्तंवेश्वर—१–बूढ़े बाबा के नाम से प्रसिद्ध । मकान नं० के० ५३/११६ के सामने मध्यमेश्वर महल्ले में । २–मध्यमेश्वर के दक्षिण के शिवालयमें बड़ा शिवलिंग ।

आम्बरीष तीर्थ—राजघाट किलेके मध्य भाग के सामने गंगाजी में ।

आमर्दकेश्वर—काठ की हवेली के पीछे मकान नं० के० ३०/४ में काल-माधव के सामने ।

आशापुरी देवी—मैदागिन तालाब के उत्तर मकान नं० के० ५६/१६ में मैदागिन बगीचे से सटी हुई ।

आशा विनायक—मीरघाट पर महावीरजी के मंदिर में मकान नं० डी० ३/७६ में।

आश्विनेयंश्वरौ—गंगामहल के पास मकान नं० सीके० २/२६ में ।

आषाढ़ीश्वर—दोस्थान हैं । एक रानी बेतिया के मन्दिर के पास काशीपुरा में । दूसरा भारभूतेश्वर के समीप मकान नं० सीके० ५४/२४ में ।

इन्द्रद्युम्न तीर्थ—रामघाट से मिला हुआ गंगाजी का भाग उत्तर की ओर ।

इन्द्रद्युम्नेश्वर—वहीं । लुप्त ।

इन्द्रेश्वर (प्रथम)—मणिकर्णिका घाट पर तारकेश्वर के समीप ।

इन्द्रेश्वर (द्वितीय)—कर्कोटक वापी (नागकुंआ) के उत्तर अब लुप्त । वर्त-मान मकान नं० बी० २७/६२ के सामने ।

इन्द्रेश्वर कुंड—वहीं पर गड़हा जो अब भर गया है ।

ईक्ष्वाकु तीर्थ—रामघाट के दक्षिण मिला हुआ गंगाजी में ।

ईशान तीर्थ—मणिकर्णिका तथा ललिता घाट के बीच के १३ तीर्थों में से सातवाँ तीर्थ ।

ईशानेश्वर—बांसफाटक सिनेमा के उत्तर की गली में । मकान नं० सीके० ३७/४३ में ।

उग्रलिंग—लोलार्क के समीप ।

उग्रेश्वर—पहले ओंकार क्षेत्र में। अब लक्ष्मीकुंड पर।

उटजेश्वर—दीनानाथ के गोला में।

उतथ्यवामदेव—मणिकर्णिका घाट पर मणिकर्णीश्वर के उत्तर पितामहेश्वर में। मकान नं० सी के० ७/६२ में।

उत्तरार्क—अलईपुरा में वकरिया कुंडके समीप लुप्त; वकरिया कुंड उत्तरार्क कुंड ही है।

उद्दालकेश्वर—पहले ओंकार क्षेत्र में—लुप्त। अब लोलार्क के समीप।

उद्दंड मुंड विनायक—त्रिलोचन महादेव के घेरे में वाराणसी देवी के समीप।

उद्दंडविनायक—पंचक्रोशी में रामेश्वर के पास भुइली गाँव में।

उन्मत्त भैरव—पंचक्रोशी के रास्ते में देउरा गाँव में।

उपशांत शिव—पहले भदऊँ महल्ले में। अब अग्नीश्वर के पास मकान नं० सीके० २/४ में।

उमातीर्थ—मणिकर्णिका घाट पर चक्रपुष्करिणी के उत्तर सटा हुआ गंगाजी में। ऊपर उमादेवी मकान नं० सीके० ७/१०२ में अम्वादेवी नाम से प्रसिद्ध।

उर्वशीकुंड—औसानगंज में वाबू शिवनारायण सिंह के मंदिर के उत्तर। अब पट गया।

उर्वशीश्वर—वाबू शिवनारायण सिंह के मंदिर में पीपल के नीचे। मकान नं० जे० ५६/१०८ में।

ऊर्ध्वरेता—कूष्मांडविनायक के समीप फुलवरिया गाँव में।

ऋणमोचन तीर्थ—लड्डू गड़हा। स्ट्रीथफील्ड रोड के पूर्व की ओर।

ऋष्यशृंगेश्वर—लक्ष्मीकुंड पर काली मठ में लुप्त। शृंगी ऋषि की मूर्ति वर्तमान। मकान नं० डी० ५२/३५।

एकदंत विनायक—वंगाली टोला में पुष्पदंतेश्वर के पास। पहले सम्भवत: कुछ और दक्षिण।

ऐश्वर्येश्वर—कचौड़ी गली में मकान नं० के० ३४/६० में दुर्मुख विनायक के सम्मुख।

ओंकारेश्वर
अकारेश्वर
उकारेश्वर
मकारेश्वर
विन्दु — मछोदरी के उत्तर पठानीटोला के पास हुक्कालेसन (ओंकारेश्वर का अपभ्रंश) महल्ले में टीले के ऊपर प्रसिद्ध। पहले यहाँ पाँच मंदिर थे जिनको पंचोंकार कहते थे। अब केवल तीन हैं। अकारेश्वर ए० ३३/२५ में, मकारेश्वर ए० ३३/४७ में तथा नादेश्वर अथवा ओंकारेश्वर ए० ३३/२३ में टीले के ऊपर। उकारेश्वर तथा विंदु लुप्त हो गए हैं।

अंगारक तीर्थ—अग्नीश्वर घाट से मिला हुआ दक्षिण में गंगाजी में।

अंगारेश्वर—आत्मावीरेश्वर के मंदिर में दालान में। मकान नं० सीके० ७/१५८।

अंगारेश्वर द्वितीय—ऋणमोचन के दक्षिण अब लुप्त।

अंगारेश्वरकुंड—ऋणमोचन के पास। लुप्त।

अंगारेश्वर तृतीय—मुकुट कुंड के समीप। लुप्त।

अंगारेशी चंडी—(१) मुकुट कुंड पर पंचकौडी देवी के नाम से वर्तमान स्थान, मकान नं० बी० २७/२०। (२) कामाक्षापर अनजानी देवी के नाम से।

अंगिरसेश्वर—(१) जंगमवाड़ी में मकान नं० डी० ३५/७७ में। (२) स्वर्गद्वारी में मकान नं० सी के० १०/१६ में।

अंतकेश्वर—वृद्धकाल के घेरे में। मकान नं० के० ५२/३९।

कचेश्वर—शुक्रेश्वर मन्दिर का छोटा शिवलिंग मकान नं० डी० ८/३०।

कपर्दि विनायक—पिशाचमोचन पर। मकान नं० सी० २१/४०।

कपर्दीश्वर—पिशाचमोचन पर। मकान नं० सी० २१/४०।

कपालमोचन तीर्थ—ओंकारेश्वर के टीले के ठीक पश्चिम मिला हुआ तालाब जिसको रानीभवानी ने पक्का करवाया यही कपाल मोचन तीर्थ है। लाट-भैरव का तालाब भैरवतीर्थ अथवा दंडपाणिभैरवतीर्थ है। कपालमोचन ऋणमोचन के दक्षिण होना चाहिए। लाटभैरव उत्तर में हैं।

कपाली भैरव—पुराना स्थान तक्षककुंड के उत्तर में था। वहाँ लुप्त। आज-कल लाटभैरव की पूजा होती है।

कपालीश्वर—प्राचीन स्थान कपालमोचन पर। अब लुप्त।

कपिलाह्रद—वरुणा पार कोटवा गाँव में। कपिलधारा प्रसिद्ध।

कपिलेश्वर—प्राचीन स्थान–ओंकारेश्वर का ही नाम। दूसरी स्थापना चौखंभा के पास कपिलेश्वर गली में मकान नं० के० २९/१२ में।

कपिलेश्वर द्वितीय—विश्वनाथ मंदिर के घेरे में वायव्यकोण के छोटे मंदिर में निकुंभ के पास गर्त में।

कम्बलाश्वतर तीर्थ—मणिकर्णिकेश्वर के उत्तर गंगाजी में।

कम्बलाश्वतरेश्वर—मणिकर्णिकेश्वर के समीप। मकान नं० सीके० ८/१४।

कर्कोटक नाग—नागकुआ पर। मकान नं० जे० २३/२०६।

कर्कोटक वापी—नाग कुँआ नाम से प्रसिद्ध। मकान नं० जे० २३/२०६।

कर्कोटकेश्वर—नाग कुंआ पर। मकान नं० जे० २३/२०६।

कर्णादित्य—राजमंदिर में मकान नं० के० २०/१४७ में।

कर्णादित्य तीर्थ—शीतला घाट तथा राजमंदिर के नीचे की गंगा में।

करवीरेश्वर—वर्तमान स्थान मकान नं० डी० ५२/४१ लक्ष्मीकुंड पर।

करुणेश्वर—ललिता घाट के समीप मकान नं० सी के० ३४/१० में।

करुणेश्वर द्वितीय—लिपि प्रमाद से वरुणेश्वर का नाम विगड़ कर करुणेश्वर हो गया। वरुणेश्वर देखिए।

करंधमेश्वर—लोलार्क के दक्षिण।

कलतीर्थ—संकटा घाट के उत्तर गंगा में। कक्शशेश्वर का प्राचीन मंदिर यहीं कहीं था।

कलशेश्वर—कश्मीरीमल की हवेली के पीछे ब्रह्मपुरी में। मकान नं० सीके० ७/१०६।

कलिकालेश्वर—चन्द्रेश्वर के मंदिर के सामने की दालान में कोने में गर्त में। मकान नं० सीके० ७/१२४।

कलिंदमेश्वर—कालमर्दनेश्वर नाम से काठ की हवेली के पीछे मकान नं० के० ३२/३३ में।

कलिप्रियविनायक—साक्षीविनायक पर मनःप्रकामेश्वर में। मकान नं० डी० १०/५०।

कश्यपेश्वर—जंगमवाड़ी में मकान न० डी० ३५/७७ में।

कहोलेश्वर—इनका प्रथम स्थान ज्येष्ठस्थान में था वहाँ अभी भी मकान नं० के० ६३/२२ में हैं परन्तु अव ये कमक्षा के समीप भी हैं।

कामकुण्ड—कामेश्वर के दक्षिण पहले एक कुण्ड था जिसका नाम कामकुण्ड था।

कामेश्वर—इस समय इनके दो मंदिर हैं। एक तो प्राचीन स्थान पर प्रसिद्ध और दूसरा घासीटोले की गली के कोने पर मकान नं० के० ३०/१ में।

कालगंगातीर्थ—रामघाट से मिला उत्तर की ओर गंगा में तीर्थ। इसके उपर पेड़ के नीचे सीढ़ियों पर कालविनायक हैं।

कालभैरव—इनका प्रथम स्थान ओंकारेश्वर के पश्चिम कपालमोचन सरोवर के तट पर था। तेरहवीं शताब्दी के आसपास इनकी पुनः स्थापना इनके वर्तमान स्थानपर हुई। प्रसिद्ध। मकान नं० के० ३२/२२।

कालमाधव—काठकी हवेली के पीछे मकान नं० के ३०/४ में। वहीं आमर्दकेश्वर भी हैं।

कालविनायक—रामघाट की सीढ़ियों पर पेड़ के नीचे मकान नं० के० २४/१० के द्वार पर।

कालेश्वर—दंडपाणि गली में दंडपाणिभैरव के मंदिर मकान नं० के० ३१/४६ में। अपने प्रथम स्थान पर इन्हीं का नाम वृद्धकालेश्वर हो गया है।

कालेश्वर द्वितीय—वरणा संगम पार। इनकी स्थापना काल नामक शिवगण ने किया था।

कालोदक कूप— वृद्धकालका प्रसिद्ध कुँआ। मकान नं० के० ५०/३६ में।

कालंजरेश्वर—केदार क्षेत्र में।

कांचन वट—धर्मकूप के पास जिसके नीचे सावित्री की मूर्ति हैं। मकान नं० डी० २/१५।

किरातेश्वर—भारभूतेश्वर के पास। मकान नं० सी के० ५२/१५ में गुप्तेश्वर नाम से प्रसिद्ध।

किरातेश्वर द्वितीय—शिवगण द्वारा स्थापित। केदारेश्वर के दक्षिण लाली घाट पर जयंतेश्वर के समीप।

कीकसेश्वर—हड़हा महल्ले में मकान नं० सी के० ४८/४५ में।

कुक्कुटेश्वर—पहला स्थान ज्येष्ठस्थान। अब दुर्गाजी के घेरे में दुर्गाकुण्ड पर मकान नं० बी० २७/२।

कुक्कुटेश्वर द्वितीय—वक्रतुण्डविनायक के समीप चौसट्टी घाट के पास मकान नं० डी० २०/१८ में।

कुण्डोदरेश्वर—अस्सी संगम के पास अस्सीघाट पर गंगा तट पर वालू में दवे हुए।

कुन्तीश्वर—इनका प्राचीन नाम कुम्भीश्वर है। वरणासंगम के पार मंदिर है।

कुब्जादेवी—पितामहेश्वर के मंदिर में शीतला नाम प्रसिद्ध। मकान नं० सी के० ७/९२ शीतला गली में।

कुलस्तंभ—लाटभैरव का नाम। प्रसिद्ध।

कुवेरेश्वर—इनके दो स्थान कहे जाते हैं। (१) विश्वनाथ के घेरे में विश्वनाथजी के उत्तर कटेहरे में। (२) अन्नपूर्णाजी के मंदिर में ईशान कोण में।

कूटदंत विनायक—कृमिकुण्ड पर सिद्धेश्वर मंदिर में मकान नं० बी० ३/३३५।

कूणिताक्ष विनायक—लक्ष्मीकुण्ड पर महालक्ष्मी के मंदिर के पास मकान नं० ५२/३८।

कूष्मांड विनायक—फुलवरिया गाँव में।
कूष्मांडेश्वर—स्वर्गद्वारी पर।
क्रतुवाराह—देखिए यज्ञवाराहकेशव।
कृत्तिवासेश्वर—प्राचीन स्थान पर मस्जिद; वर्तमान मंदिर रत्नेश्वर के पूर्व मकान नं० के० ४६/२३ में।

कृत्वीश्वर—कोनिया घाट के ऊपर वरणा पार पाकर वृक्ष के नीचे।
कृष्णेश्वर—संकठा मंदिर की दीवाल में हरिश्चन्द्रेश्वर के सामने मकान नं० सी के० ७/१५९।
केदारेश्वर—केदारघाट पर प्रसिद्ध। मकान नं० बी० ६/१०२। प्राचीन पुनः स्थापना आत्मावीरेश्वर के समीप बृहस्पतीश्वर मंदिर में हुई थी। वहाँ भी वर्तमान मकान नं० सी के० ७/१३३ में।
केशवादित्य—वरणा संगम पर आदिकेशव मंदिर में।

कोटीश्वर—प्राचीन स्थान शैलेश्वर के दक्षिण—लुप्त। पुनः स्थापना त्रिलोचन मंदिर में तथा साक्षीविनायक के समीप गली में मकान नं० डी० १०/४९ में।
कोलाहल नृसिंह—गोमठ के पास मकान नं० सीके० ८/१८९ में।
कङ्काल भैरव—गोमठ की दीवाल में। रुरुभैरव नाम से प्रसिद्ध मकान नं० सीके० ८/२१।
कंदुकेश्वर—सप्तसागर भूतभैरव महल्ले में मकान नं० के० ६३/२९ में।
क्रोधन भैरव—कमक्षा महल्ले में कामक्षादेवी के मंदिर में। मकान नं० बी० २१/१२३।

खखोल्कादित्य—कामेश्वर महादेव के द्वार पर।
खर्व नृसिंह—दुर्गाघाट के ऊपर की नृसिंह की मूर्ति। मकान नं० के० २२/५३।
खर्व नृसिंह तीर्थ—दुर्गाघाट के सामने गंगाजी में।
खर्व विनायक—आदिकेशव के समीप किले में।
गजकर्ण विनायक—कोतवालपुरा में ईशानेश्वर के मंदिर में। मकान नं० सीके० ३७/४३।

गज विनायक—राजादरवाजे के पास भारभूतेश्वर के मंदिर में। मकान नं० सीके० ५४/४४ के पूर्व।
गणनाथ विनायक—ढुंढिराज गली के किनारे मकान नं० सीके० ३७/१ में।
गदा तीर्थ—आदिकेशव के सामने गंगाजी में।

गभस्तीश्वर—मंगलागौरी के मंदिर में। मकान नं० के० २८/३४।

गरुड़तीर्थ—आदिकेशव के सामने गदातीर्थ से कुछ दक्षिण।

गरुड़ेश्वर—प्रथम स्थान कामेश्वर के समीप लुप्त। अब देवनाथपुरा में मकान नं० डी० ३१/३६-ए में।

गिरि नृसिंह—देहली विनायक के समीप।

गोकर्णसरोवर—इसको पाटकर गोकर्ण का महल्ला बसा था जिसका नाम अब काजीपुरा हो गया है।

गोकर्णेश्वर—काजीपुरा महल्ले में सड़क पर मकान नं० डी० ५०/३८-ए के दक्षिण। वहीं कूप भी है।

गोपी गोविंद—प्राचीन स्थान राजघाट किले में दक्षिण ओर। अब मकान नं० के० ४/२४ में लालघाट पर।

गोपीगोविंदतीर्थ—राजघाट के किले के मध्यभाग के सामने गंगाजी में।

गोप्रतारेश्वर तीर्थ—प्रह्लादघाट के दक्षिण गंगाजी में। गोप्रतारेश्वर लुप्त।

गोप्रेक्षेश्वर—प्राचीन स्थान राजघाट के किले के दक्षिण भाग में मध्य में गोपीगोविंद के समीप : वर्तमान गोपीगोविंद के मन्दिर में लालघाट पर मकान नं० के० ४/२४।

गोव्याघ्रेश्वर—दशाश्वमेध घाट पर। उनके सामने गंगाजी में गोव्याघ्रेश्वर तीर्थ।

गौतमेश्वर—गोदौलिया (गौतम कुंड—लुप्त) पर काशिराज के शिवाले के घेरे में पीछे की ओर। मकान नं० डी० ३७/३३।

गौरीकुण्ड—केदारघाट पर कुण्ड। इसी का नाम हरं पाप वह गंगाजी में केदारघाट पर है। प्रतीकात्मक कुण्ड घाट पर भी हैं।

गौरीकूप—काशीपुरा में काशी देवी के मंदिर के दक्षिण का कुँआ। इसका दूसरा नाम अप्सरस कूप भी है।

गंगाकेशव—वर्तमान स्थान ललिताघाटपर मकान नं० डी० १/६७ में। प्राचीन स्थान चौसट्टी घाट के दक्षिण गंगामहलघाट पर लुप्त।

गंगाकेशवतीर्थ—गंगामहल घाट।

गंगादित्य—ललिताघाट पर मकान नं० डी० १/६७ में।

गंगेश्वर—ज्ञानवापी के पूर्व पीपल के नीचे लुप्त। (२) पशुपतीश्वर के पूर्व मकान नं० सीके० १३/७६ में।

गंधर्व सरोवर—नागकुँआ के पश्चिम का कुण्ड। समीप के गंधर्वेश्वर लुप्त।

घंटाकर्णगण—कर्णघंटा तालाव के दक्षिण। पानी भर जाने से अब लुप्त। मकान नं० के ६०/६७ में।

घंटाकर्णह्रद—कर्णघंटा तालाव। प्रसिद्ध मकान नं० के० ६०/६७ में।

घंटकर्णेश्वर—कुएँ के पास कण्ठेश्वर नाम से अब प्रसिद्ध। मकान नं० के० ६०/६७ में।

चक्रतीर्थ—आदिकेशव के सामने गंगाजी में।

चतुर्दन्तविनायक—ध्रुवेश्वर के मंदिर में।

चतुर्मुखेश्वर—वृद्धकाल के घेरे में। मकान नं० के० ५२/३६।

चतुर्वक्त्रेश्वर—सकरकन्दगली में मकान नं० डी० ७/१६ में।

चतुःसागरवापी—काशीपुरा की सड़क पर का कुंआं।

चर्चिका देवी—पंचगंगेश्वर से मंगलागौरी जाते हुए सीढ़ी चढ़ते ही मकान नं० के २३/७२ में।

चंड भैरव—दुर्गाजी के घेरे में काली जी के मन्दिर में। मकान नं० बी० २७/२।

चंडीचंडीश्वर—कालिका गली में मकान नं डी० ८/२७ में पुरानी भग्न तथा नवीन दोनों मूर्तियाँ हैं।

चंडीश्वर—सदर बाजार में चंडी देवी के मंदिर में।

चन्द्रकूप—सिद्धेश्वरी महल्ले में मकान नं० सीके० ७/१२४ में।

चन्द्रेश्वर—चन्द्रकूप के समीप उसी मकान नं सीके० ७/१२४ में।

चामुंडादेवी—भदैनी में। लोलार्क के पास अर्कविनायक के मन्दिर में; चामुंडा मुंड रूपिणी।

चित्रकूप—चित्रगुप्तेश्वर में राजादरवाजे के समीप मकान नं० सीके० ५७/७७ में।

चित्रगुप्तेश्वर—राजादरवाजे के समीप। मकान नं० सीके० ५७/७७ में। चित्रगुप्तकी भी मूर्ति।

चित्रग्रीवा देवी—केदारेश्वर के समीप। मकान नं० बी० १४/११८ में भग्नावस्था में।

चित्रघंट विनायक—इनके दो स्थान कहे जाते हैं: (१) रानीकुँआँ पर सड़क के किनारे मकान नं० सीके० २३/२५ के पास छोटे संगमर्मर के मन्दिर में, तथा (२) जगन्नाथदास वलभद्रदास की दूकान के चबूतरे पर मकान नं० सीके० ३६/७४-७६ में।

चित्रघंटा देवी—लखीचौतरे के सामने गली में मकान नं० सीके० २३/३४ में।

चित्रांगदेश्वर—केदारेश्वर के समीप मकान नं० बी० १४/११८ में चित्रग्रीवा देवी के साथ ही।

चिंतामणि विनायक—सेंधियाघाट के ऊपर वशिष्ठवामदेव के मन्दिर के द्वार पर मकान नं० सी०के० ७/१६१।

चिंतामणि विनायक द्वितीय—ईसरगंगी महल्ले में जागेश्वर मन्दिर की वाहरी दीवाल में। मकान नं० के० ६६/४।

चिंतामणि विनायक तृतीय—देखिये लम्बोदर विनायक।

छागलेश्वर—पितृ कुण्ड पर। मकान नं० सी० १८/५२।

छागवक्त्रगण—कपिलधारा पर छागवक्रेश्वरी मन्दिर में।

छागवक्त्रेश्वरी देवी—कपिलधारा पर।

जटीश्वर—पातालेश्वर नाम से प्रसिद्ध मकान नं० डी० ३२/११७ के द्वार पर।

जनकेश्वर—वृद्धकाल के घेरे में। मकान नं० के० ५२/३९ में।

जनकेश्वर द्वितीय—दुर्गाकुण्ड के पश्चिम सुकुलपुर में अत्यन्त प्राचीन मूर्तियों के साथ।

जमदग्नीश्वर—कालभैरव के पूर्व मकान नं० ३२/५६ में।

जम्बुकेश्वर—बड़े गणेश पर मकान नं० के० ५८/१०३ में।

जयन्तलिंग—केदारेश्वर के दक्षिण लालीघाट पर।

जयन्तेश्वर—भूतभैरव पर।

जरासंधेश्वर—मीरघाट पर मकान नं० डी० ३/७९ में। प्राचीन स्थान लुप्त।

जरासंधेश्वर तीर्थ—मीरघाट पर गंगाजी में।

जललिंग—मणिकर्णिका श्मशान पर जलशायी घाट के सामने गंगाजी के भीतर। चितास्थ शव का रुद्रांश इनको ही अर्पित होता है।

जानकी कुंड—सीताकुण्ड नाम से प्रसिद्ध लक्सा महल्ले में।

जांगलेश्वर—मुकुटकुण्ड पर अथवा दुर्गाजी के मन्दिर में। अब लुप्त। अथवा कामक्षा पर अज्ञात।

जैगीषव्य गुहा—जागेश्वर के दक्षिण मठ में। मकान नं० जे० ६६/३।

जैगीषव्येश्वर—जैगीव्येव्य गुहा के द्वार पर मकान नं० जे० ६६/३ में।

ज्येष्ठविनायक—ज्येष्ठेश्वर के मन्दिर में। सप्त सागर महल्ला। मकान नं० के० ६२/१४४।

ज्येष्ठागौरी—मकान नं० के० ६३/२४ में भूतभैरव पर ।
ज्येष्ठावापी—इसी स्थान पर । लुप्त ।
ज्येष्ठेश्वर—ज्येष्ठ विनायक के समीप मकान नं० के० ६२/१४४ में ।
ज्योतिरूपेश्वर—मणिकर्णीश्वर के समीप काकाराम की गली में ।
ज्वालामालीनृसिंह—कपिलधारा के समीप कोटवा गाँव में ।
ढुंढि तीर्थ—ढुंढिराज के दक्षिण लुप्त । गंगाजी में भी ।
ढुंढिराज विनायक—१. प्रसिद्ध ढुंढिराज गली में २. सटे हुए रानी भवानी के मन्दिर में (मकान नं० सी० के० ३५/२८) पंचमुखी ३. समीप में मकान नं० सी०के० ३७/१८ में पंचमुखी ।
तत्वेश—धर्मकूप के समीप मकान नं० डी० ३/९७ में
तक्षक कुंड—वासुकिकुण्ड के पश्चिम लुप्त ।
तक्षकेश्वर—पियरी महल्ले में तकिया औघड़नाथ के समीप ।
ताम्रवाराह—ब्रह्मनाल पर नीलकंठ के समीप मकान नं०सीके० ३३/५७ में ।
तारकतीर्थ—मणिकर्णिका पर तारकेश्वर के सामने गंगाजी में ।
तारकेश्वर—ज्ञानवापी के पूर्व गौरीशंकर मन्दिर के नीचे ।
तारकेश्वर द्वितीय—तारक तीर्थ के ऊपर मणिकर्णिका घाटपर
तारकेश्वर तृतीय—केदारघाट पर बुर्जी के नीचे । शिवगण द्वारा स्थापित ।
तार्क्ष्यकेशव—आदिकेशव में ।
तार्क्ष्य तीर्थ—आदिकेशव के सामने ।
तिलपर्णेश्वर—दुर्गाजी के घेरे में । इनके मंदिर के द्वार पर वलि चढ़ती है । मकान नं० वी २७/२ ।
तुंगेश्वर—धन्वंतरीश्वर नाम से वृद्धकाल के घेरे में : मकान नम्बर के० ५२/३९ ।
दत्तात्रेयेश्वर—वर्तमान स्थान मकान नं० सीके० ३४/३६ दत्तात्रेयेश्वर मठ में ।
दत्तात्रेयेश्वर द्वितीय—मणिकर्णिका घाटपर ।
दत्तात्रेयेश्वर तीर्थ—राजघाट के किले के दक्षिण मध्य भाग में गंगाजी में ।
दशहरेश्वर—दशाश्वमेध घाट पर शीतला जी के मंदिर में ।
दशाश्वमेध तीर्थ—दशाश्वमेध घाट पर गंगाजी में ।
दशाश्वमेधेश्वर—दशाश्वमेध घाट पर शीतला जी के मंदिर में ।
दक्षेश्वर—वृद्धकाल के मंदिर में [मकान नं० के० ५२/३९] ।
दण्डखात तीर्थ—पियाला शहीद का कुंड—लुप्त ।

दंडपाणि—१ ढुंढिराज गली में मकान नं० सीके० ३६/१० में गली के कोने पर। २. काल भैरव मंदिर के पीछे मकान नं० के० ३२/२६ में क्षेत्रपाल नाम से। ३. शिवलिंग रूप से विश्वनाथजी के घेरे में वैकुंठेश्वर के पश्चिम के मंदिर में।

दंतहस्त विनायक—बड़े गणेश मंदिर के पास बाहर कुंए के समीप।

दंडीश्वर—देहली विनायक के पूर्व पंचक्रोशी मार्ग पर।

दंडीश्वर द्वितीय—दंडखान तीर्थ के दक्षिण लुप्त।

दाल्भ्येश्वर—मानमंदिर घाट के ऊपर। मकान नं० डी० १६/२८।

दाक्षायिणीश्वर—सतीश्वर नाम से प्रसिद्ध। मकान नं० के ४६/३२।

दिलीपेश्वर—देवनाथपुरा में मकान नं० में। समीप का दिलीप तीर्थ लुप्त।

दिवोदासेश्वर—विश्वभुजा गौरी के मन्दिर में मकान नं० डी० २/१३।

दीप्ताशक्ति—सूर्यकुंड पर साम्वादित्य के समीप।

दुर्गविनायक—दुर्गा जी के घेरे में टीले के पूर्व। मकान नं० वी २७/२।

दुर्गा—दुर्गाकुंड पर प्रसिद्ध। वहीं दुर्गाकुंड प्रसिद्ध। मकान नं० बी २७/२।

दुर्मुख विनायक—नेपाली खपड़े की गली पर मकान नं० सीके० ३४/६० में

देवदेव—ढुंढिराज गली में। सन्यासी कालेज में। मकान नं० सीके० ३७/१२।

देवयानीश्वर—नकुलीश्वर नाम से प्रसिद्ध। विश्वनाथ जी के समीप अक्षयवट की जड़ में मकान नं० सीके० ३५/२०।

देहली विनायक—पंचक्रोशी मार्ग पर। प्रसिद्ध।

द्रौपदादित्य—विश्वनाथ जी के समीप अक्षयवट के पास। मकान नं० सीके० ३५/२०।

द्रौपदी—द्रौपदादित्य के निकट। मकान नं० सीके० ३५/२०।

द्वारविनायक—पाँचोपाँडव मंदिर में। मकान नं० सीके० २८/१०।

द्वारेश्वर—वर्तमान काल में दुर्गाजी के मंदिर में दुर्गविनायक के दक्षिण के मंदिर में। प्राचीन स्थान कमाक्षा पर।

द्वारेश्वरी—द्वारेश्वर मंदिर में भग्न।

द्विमुखविनायक—सूर्यकुंड पर साम्वादित्य के पास।

धरणिवाराह—देखिए क्षोणीवाराह।

धरणि वाराह तीर्थ—देखिये क्षोणीवाराह तीर्थ।

धर्मकूप—मीरघाट के ऊपर थोड़ी दूर पर धर्मेश्वर के घेरे में। मकान नं० डी० २/१० के पूर्व।

धर्मपीठ—धर्मेश्वर के चारों ओर का क्षेत्र जिसकी सीमापर पूर्व में वैराग्येश, पश्चिम में धरिणीश, उत्तर में ऐश्वर्येश, दक्षिण में तत्वेश तथा ईशान कोण में ज्ञानेश्वर हैं। ये धर्मेश्वर के पंचवक्त्र कहे जाते हैं।

धर्मेश्वर—धर्मकूप महल्ले में मकान नं० डी० २/२१ में।

धर्मेश्वर द्वितीय—कामेश्वर के दक्षिण क्षेत्र में लुप्त।

धर्मेश्वर तृतीय—भद्रेश्वर के नैऋत्य अथवा दक्षिण क्षेत्र में लुप्त। यह भी सम्भव है कि द्वितीय तथा तृतीय धर्मेश्वर एक ही हों।

धर्मेश्वर कुंड—द्वितीय धर्मेश्वर के समीप लुप्त।

धौतपापेश्वर—पंचगंगा घाट पर पुश्ते के नीचे।

ध्रुवकुंड—ध्रुवेश्वर के समीप। लुप्त।

ध्रुवेश्वर—सनातनधर्म कालेज के समीप ध्रुवेश्वर महल्ले में।

नकुलीश्वर—विश्वनाथ जी के मन्दिर के पश्चिम अक्षयवट में देवयानीश्वर का पूजन नकुलीश्वर नाम से होता है। मकान नं० सी० के० ३५/२०।

नरनारायणकेशव—महथा घाट पर वदरीनाथ नाम से प्रसिद्ध।

नरनारायण तीर्थ—राजघाट के किले के मध्य भाग के समीप गंगाजी में।

नर्मदा तीर्थ—चौंसट्टी घाट के उत्तर गंगाजी में।

नर्मदेश्वर प्रथम—नर्मदा तीर्थ के ऊपर लुप्त।

नर्मदेश्वर द्वितीय—त्रिलोचन मंदिर के पीछे।

नलकूवर कूप—कामेश्वर के समीप लुप्त।

नलकूवरेश्वर—प्राचीन नाम पंचालकेश्वर जो कामेश्वर के पूर्व में थे लुप्त। इनकी पुनः स्थापना घासीटोले में मकान नं० के० ३०/६ में हुई। वहाँ वर्तमान।

नलकूबरेश्वर द्वितीय—मणिकर्णीश्वर के समीप। पितामहेश्वर के गह्वर में। मकान नं० सीके० ७/९२।

नक्षत्रेश्वर—आदिकेशव के निकट।

नागेश्वर तीर्थ—गायघाट पर गंगाजी में। वहीं नागेश्वर जिनकी पुनः स्थापना घोसला घाट पर मकान नं० सीके० १/२१ से सटे मन्दिर में हुई।

नागेशविनायक—१–घोसला घाट के समीप नागेश्वर मंदिर में [मकान नं० सीके० १/२० के पास] तथा २–गायघाट पर।

नाभितीर्थ—देखिये ब्रह्मनाल।

नारद केशव—प्रह्लाद घाट पर।

नारदतीर्थ—आदिकेशव से कुछ पश्चिम गंगाजी में।

नारदेश्वर—भद्रेश्वर क्षेत्र में लुप्त । वर्तमान नारद घाट के ऊपर मकान नं० डी० २५/१२ में ।

नारदेश्वर कुंड—भद्रेश्वर क्षेत्र में लुप्त ।

नारसिंही देवी— पुलस्त्येश्वर के दक्षिण निर्वाण नरसिंह के मंदिर में ।

नारायणी देवी—गोपीगोविंद के पश्चिम । संभवतः शीतला नाम से मकान नं० के० २०/१९ में ।

निकुंभेश्वर—विश्वनाथ जी के घेरे में पार्वती देवी के मंदिर में कोने में गड़हे में ।

निगड़भंजनी देवी—देखिये 'वन्दी देवी' ।

निर्वाण केशव—भदैनी में लोलार्क के समीप ।

निर्वाण नरसिंह—पुलस्त्येश्वर के दक्षिण ।

निवासेश्वर—भूतभैरव पर ।

निष्कलंकेश्वर—ढुंढिराज गली में मकान नं० सीके० ३५/३४ में ।

निष्पापेश्वर—केदारघाट पर बुर्जी के पास ।

नीलकंठ—प्रथम स्थान केदार के दक्षिण मकान नं० बी० ६/९९ में । द्वितीय स्थान ब्रह्मनाल के समीप मकान नं० सीके० ३३/२३ में ।

नीलकंठ द्वितीय—कृमिकुंड के उत्तर सड़क पर मकान नं० बी० १०/३२ में ।

नीलग्रीव तीर्थ—राजघाट से थोड़ा पूरब गंगाजी में ।

नैऋतेश्वर—पुष्पदन्तेश्वर के समीप ।

नन्दिकेश्वर—ज्ञानवापी के उत्तर लुप्त ।

पद्म तीर्थ—आदि केशव के सामने गंगा में ।

परद्रव्येश्वर—ढुंढिराज गली में मकान नं० सीके० ३५/३४ में ।

पर्वत तीर्थ—वीरेश्वर घाट के सामने गंगाजी में ।

पर्वतेश्वर—वीरेश्वर घाट की सीढ़ियों पर मकान नं० सीके० ७/१५० में ।

परशुराम तीर्थ—नन्दन साहु के महल्ले में परशुरामेश्वर के समीप लुप्त ।

परान्नेश—ढुंढिराज गली में मकान नं० सीके० ३५/३४ में ।

पराशरेश्वर—कर्णघंटा तालाव के दक्षिण व्यासेश्वर के समीप । मंदिर अब जलमग्न है ।

पवनेश्वर—भूतभैरव पर मकान नं० के० ६३/१४ में : भूलेटन गड़हा वायुकुंड ।

पशुपतीश्वर—पशुपतेश्वर महल्ले में मकान नं० सीके० १३/६६में । प्रसिद्ध ।

पंच चूड़ासरोवर—कर्णघंटा तालाब के उत्तर सप्तसागर महल्ले में अब लुप्त।
पंचनद तीर्थ—पंचगंगाघाट का दक्षिण का भाग जिसको कोनियाघाट कहते हैं। वहीं पर मढ़ी में शेषशायी की मूर्ति तथा पंचगंगा घाट के प्रथम निर्माण का शिलालेख।
पंचनदेश्वर—तैलंग मठ के समीप विन्दु माधव के रास्ते पर मकान नं० के० २२/११ में पंचगंगेश्वर नाम से प्रसिद्ध।
पंचमुद्रपीठ—पहले स्वर्लीनेश्वर के उत्तर। अब संकठा जी के मंदिर तथा आसपास का क्षेत्र।
पंचास्य विनायक—पिशाचमोचन पर मकान नं० सी० २१/४०।
पंचाक्षेश्वर—त्रिलोचन के समीप रुद्राक्षेश्वर नाम से प्रसिद्ध।

पादोदक कूप—पिलपिलाका कुंआ नाम से प्रसिद्ध। त्रिलोचन की गली से पूर्व मकान नं० ए० ३/८७-ए में।
पादोदक तीर्थ—वरणा संगम। आदि केशव के सामने गंगा जी में।
पापभक्षण—कालभैरव के दक्षिण गली में मकान नं० के० ३२/३६ में।
पार्वतीगौरी—आदिमहादेव के मंदिर में। त्रिलोचन के पिछवाड़े।
पार्वतीश्वर—आदिमहादेव के मंदिर में।
पाराशर्येश्वर—लोलार्क के समीप मकान नं बी० २/२१ में।
पाशपाणिविनायक—सदरबजार में प्रसिद्ध।
पाशुपततीर्थ—मणिकर्णिका के दक्षिण गंगाजी में।
पांडवेश्वर—ज्ञानवापी के उत्तर फाटक के पास मकान नं० सीके० २८/१० में।

पिचिंडिलविनायक—प्रह्लादघाट पर प्रह्लादेश्वर के मंदिर के बाहर वटवृक्ष के नीचे। मकान नं० ए० १०/८० में फाटक के भीतर।
पितामहतीर्थ—देखिये ब्रह्मनाल।
पितामहेश्वर—कश्मीरीमल की हवेली के पास सीतलागली में मकान नं० सीके० ७/९२ में फाटक के भीतर।
पितामहेश्वर द्वितीय—ज्येष्ठेश्वर में लुप्त।
पितामहेश्वर तृतीय—धर्मेश्वर के समीप लुप्त।
पितृकुण्ड—पितरकुण्डा नाम से प्रसिद्ध। पिशाचमोचन के दक्षिण तथा सूर्य कुण्ड के उत्तर।

पित्रीश्वर—पितृकुण्ड पर। मकान नं० सी० १८/४७।
पिप्पलादतीर्थ—मंगलागौरीघाट के दक्षिण गंगा में।

पिप्पलादेश्वर—विंदुमाधव के वर्तमान मंदिर के पास वृक्ष के नीचे। लुप्त।
पिलप्पिलातीर्थ—त्रिलोचन घाट पर गंगाजी में।
पिशाचमोचनतीर्थ—प्रसिद्ध। पितृकुण्ड के उत्तर।
पिशाचेश्वर—पिशाचमोचन तालाब के पास। मकान नं० सी० २१/४०।
पिशंगिलातीर्थ—त्रिलोचनघाट के पूर्वोत्तर का मिला हुआ घाट।
पिंगलेश्वर—पिशाचमोचन पर। मकान नं० सी० २१/३९ में नकुलेश्वर नाम से प्रसिद्ध।
पुलस्त्येश्वर—(१) अगस्त्येश्वर के दक्षिण (२) स्वर्गद्वारी पर मकान नं० सीके० ३३/४३ में।
पुलहेश्वर—पुलस्त्येश्वर के सामने मकान नं० सीके० १०/१६ के चौतरे पर।
पुष्पदंतेश्वर—देवनाथपुरा में मकान नं० डी० ३२/१०२ में।
पृथुतीर्थ—सोनातलाव नाम से प्रसिद्ध खजुरी गाँव में।
पृथ्वीश्वर—वहीं पिसनहरिया पर।
प्रचंड नरसिंह—दुर्गाजी के मंदिर में। लुप्त। अस्सी संगम पर जगन्नाथ जी में नृसिंह मूर्ति का पूजन होता है।
प्रणवतीर्थ—त्रिलोचन घाट से उत्तर गंगाजी में।
प्रणवविनायक—त्रिलोचन घाट पर ऊपर हिरण्यगर्भेश्वर के मंदिर में।
प्रतिग्रहेश्वर—ढुंढिराज गली में मकान नं० सीके० ३५/३४ में।
प्रपितामहेश्वर—पितामहेश्वर के मंदिर में कश्मीरीमल की हवेली के पास सीतलागली में। मकान नं० सीके ७/९२ में फाटक के भीतर।
प्रभासतीर्थ—सोमेश्वरघाट पर पाण्डे घाट के समीप। अब सोमेश्वर के सम्मुख गंगाजी में मानमंदिर घाट पर।
प्रमोदविनायक—नैपाली खपड़े में मकान नं० सीके० ३१/१६ में।
प्रयागतीर्थ—दशाश्वमेधघाट के उत्तर प्रयागघाट। इसी स्थान पर प्रयागेश्वर तथा शूलटंकेश्वर के मंदिर हैं। और पूर्ववाहिनी यमुना का सोता गंगा जी में गिरता है।
प्रयागमाधव—दशाश्वमेधघाट पर ऊपर मकान नं० डी० १७/१११ में
प्रयागलिंग—आदिकेशव पर चतुर्मुखलिंग आदिम स्थान (२) दशाश्वमेध घाट पर शूलटंकेश्वर के समीप चतुर्मुखलिंग जिसको लोग ब्रह्मेश्वर कहते हैं, तथा ३. मठियाघाट तथा ककरहाघाट के बीच में भी पुनःस्थापित।
प्रयागस्रोत—प्रयागघाट पर पूर्ववाहिनी यमुना का सोता जो पृथ्वी के नीचे से वहता हुआ गंगाजी में गिरता है।

प्रह्लादकेशव—प्रह्लादघाट पर। मकान नं० ए० १०/८०।
प्रह्लादतीर्थ—राजघाट के किले के मध्य भाग के सामने गंगाजी में।
प्रह्लादेश्वर—प्रह्लादघाट पर। मकान नं० ए० १०/८०।
प्रीतिकेश्वर—साक्षीविनायक के पिछवाड़े मकान नं० डी० १०/८ में।
बलिवामन—आदिकेशव के पास उत्तर के घेरे में।
बंदीतीर्थ—दशाश्वमेधघाट पर। लुप्त।
बंदीदेवी—दशाश्वमेधघाट पर मकान नं० डी० १७/१०० में।
बाणतीर्थ—प्रह्लादघाट के समीप गंगाजी में।
बाणेश्वर—स्वर्लीनेश्वर के ईशान कोण में। लुप्त।
बालचंद्रकूप—प्राचीन नाम तालकर्ण कूप। औसानगंज के महल में। मकान नं० के० ५६/११४।
बालचंद्रेश्वर—प्राचीन नाम तालकर्णेश्वर। औसानगंज के महल में। मकान नं० के० ५६/११४।
बिंदुतीर्थ—लक्ष्मणबालाघाट के सामने गंगाजी में।
बिंदुमाधव—इनके तीन मंदिर वर्तमान हैं। (१) विन्दुमाधव घाट के ऊपर पंचगंगापर मकान नं० के० २२/३३ में (२) लालघाट के समीप बुचई टोला में। (३) भाटकी गली में मकान नं० के० ३३/१८ में।
बिंदुविनायक—बिंदुमाधव मंदिर में पंचगंगाघाट पर मकान नं० के० २२/३३ में।
बुधेश्वर—आत्मावीरेश्वर के घेरे में मकान नं० सीके० ७/१५८ में दालान में अङ्गारेश्वर के उत्तर।
बृहस्पतीश्वर—आत्मावीरेश्वर के द्वार के सामने मकान नं० सीके० ७/१३३ में प्रसिद्ध।
ब्रह्मतीर्थ—बालमुकुन्द के चौहट्टे के ब्रह्मेश्वर के समीप। लुप्त।
ब्रह्मावर्तकूप—ढुंढिराजगली में अपारनाथ मठ में। मकान नं० सीके० ३७/१२।
ब्रह्मेश्वर—इनके तीन मंदिर हैं। (१) बालमुकुन्द के चौहट्टे में मकान नं० डी० ३३/६६-६७ में (२) ब्रह्माघाट पर मकान नं० के० २२/८२ में, तथा (३) वहीं मकान नं० के० २२/८९ में। ब्रह्माघाट की सीढ़ियों के पूर्व दालान में ब्रह्माजी की तेरहवीं शताब्दी की मूर्ति जिसके कारण इस घाट का नाम पड़ा।

ब्राह्मीदेवी—बालमुकुन्द के चौहट्टे में ब्रह्मेश्वर के मंदिर में। मकान नं० डी० ३३/६६-६७।

ब्राह्मीश्वर—शकरकन्दगली में मकान नं० डी० ७/६ में।

भगीरथलिंग—मणिकर्णिका के दक्षिण में बा० विश्वनाथ सिंह के लकड़ी के अड़ार में। मकान नं० सीके० १०/४६ के सामने।

भगीरथ विनायक—करुणेश्वर के समीप लाहौरीटोले में।

भद्रकर्णह्लद—पंचक्रोशी मार्ग पर रामेश्वर के निकट भुइली गाँव में।

भद्रकर्णेश्वर—पंचक्रोशी मार्ग पर रामेश्वर के निकट भुइली गाँव में वहीं पर।

भद्रकाली—(१) मध्यमेश्वर मन्दिर में (२) उसीके उत्तर मकान नं० के० ५३/१०७ में।

भद्रह्लद (भद्रदोह)—प्राचीनह्लद भदऊँ महल्ले में था वहाँ लुप्त। वर्तमान भोंसलाघाट पर नागेश्वर के नीचे घाट पर पक्का कुंड जो बालू में ढका रहता है।

भद्रेश्वर—प्राचीन स्थान भदऊं में। वहाँ अब मस्जिद है। वर्तमान स्थान अग्नीश्वर घाट के ऊपर गली में मकान नं० सीके० २/४ में उपशान्तेश्वर मन्दिर में।

भवतीर्थ—ब्रह्मनाल के उत्तर गंगाजी में। ऊपर ताम्रवाराह की मूर्ति।

भवानी गौरी—वाराणसी की प्रधान देवी जो प्राचीन काल की अन्नपूर्णा हैं। अन्नपूर्णाजी के बगल के राममन्दिर में जगन्नाथजी तथा कालीजी के बीच में। प्राचीन काल में यहाँ पर एक कुंड भी था जो भवानी तीर्थ कहलाता था।

भवानी तीर्थ—इस समय भवानीतीर्थ अन्नपूर्णा जी के पास के राम मन्दिर में कालीजी के सामने की दालान में फर्श के नीचे पक्के कुंड के रूप में दबा पड़ा है।

भवानीश्वर—भवानी गौरी के पास चबूतरे पर राममन्दिर में कालीजी तथा भवानी गौरी के बीच में।

भवेश्वर—भीमचंडी के पास।

भागीरथी तीर्थ—ललिताघाट के सामने गंगाजी में।

भागीरथी देवी—ललिताघाट पर मकान नं० डी० १/६७ में।

भागीरथीश्वर—स्वर्गद्वारी पर पं० मुक्तानन्द चतुर्वेदी के मकान में। मकान नं० सीके० ११/११।

भार्गव तीर्थ—राजघाट के किले के मध्य भाग के सामने गंगाजी में।
भारभूतेश्वर—राजादरवाजे पर मकान नं० सीके० ५४/४४ के पूर्व में।
भीमकुंड—भीमचंडी पर पंचक्रोशी के मार्ग में।
भीमचंड विनायक—वहीं भीमचंडी मंदिर में।
भीमचंडी देवी—पंचक्रोशी मार्ग पर। प्रसिद्ध।
भीमेश्वर—नैपालीखपड़े महल्ले में काशीकरवट में। मकान नं० सीके० ३१/१२ में।
भीषण भैरव—भूतभैरव नाम से प्रसिद्ध। भूतभैरव महल्ले में मकान नं० के० ६३/२८।
भीष्मकेशव—वृद्धकाल मन्दिर में वृद्धकाल की दालान में। मकान नं० के० ५२/३९।
भीष्मचंडी—शैलपुत्री दुर्गा के दक्षिण—लुप्त। सदरबजार की चंडी देवी पन्द्रहवीं शताब्दी में भीष्मचंडी कही जाती थीं जो उनकी पुनः स्थापना है।
भीष्मेश्वर—भीष्मचंडी के समीप। लुप्त।
भीष्मेश्वर द्वितीय—त्रिलोचन घाट पर। नीचे की मढ़ी में छोटा शिवलिंग।
भूतधात्रीश—भूतेश्वर नामसे प्रसिद्ध। दशाश्वमेध के समीप ऊपर गली में मकान नं० डी० १७/५० में। इनकी पुनःस्थापना सुखलाल साह के फाटक के भीतर मकान न० सीके० १३/१५ में भी हुई। दोनों स्थानों पर पूजन होता है।
भृगुकेशव—वर्तमान स्थान गोलाघाट पर त्रिलोचन के ईशान कोण में।
भृङ्गीशेश्वर—इनका ही नाम तुंगेश्वर तथा धन्वंतरीश्वर। वर्तमान स्थान वृद्धकाल के घेरे में धन्वंतरीश्वर नाम से। मकान नं० के० ५२/३९।
भैरव कूप—काल भैरव के उत्तर भैरववावली नामक महल्ले में। लुप्त। मकान नं० के० ४०/२०।
भैरव तीर्थ—ब्रह्माघाट के सामने गंगाजी में।
भैरवेश्वर—कालभैरव के पश्चिम गली के कोने पर मकान नं० के० ३२/७ में।
मखतीर्थ—पंचगंगा घाट के पास लक्ष्मणवाला घाट के सामने गंगाजी में।
मखेश्वर—वहीं। लुप्त।
मणिकर्णिका तीर्थ—यह वहुत वड़ा तीर्थ है सेंधिया घाट से गंगामहलघाट तक जो चौसट्टी घाट के दक्षिण में है। वर्तमान काल में मणिकर्णिकाघाट

का ही प्राधान्य है जहाँ चक्रपुष्करिणी, मणिकर्णिकेश्वर, मणिकर्णी देवी इत्यादि हैं।

मणिकर्णिकेश्वर—मणिकर्णीश्वर भी इन्हीं का नाम है। घाट से ऊपर चढ़ कर मकान नं० सीके० ८/१२ में। दर्शन ऊपर से गोमठ के समीप से भी होता है।

मणिकर्णी विनायक—मणिकर्णिका घाट पर मकान नं० सीके० १०/४८ के सामने।

मणिप्रदीप कुंड—वृद्धकाल के पूर्व दुल्ली गड़ही नाम से प्रसिद्ध।

मणिप्रदीप नाग—समीप में ही मंदिर। लुप्त।

मत्स्योदरी तीर्थ—मछोदरी का पोखरा। प्रसिद्ध।

मदालसेश्वर—नेपाली खपड़े की गली पर। कालिका गली के मोड़ के पास। मकान नं० डी० ५/१३३।

मध्यमेश्वर—मैदागिन के उत्तर। मकान नं० के० ५३/६३ के सामने मध्यमेश्वर महल्ले में।

मन:प्रकामेश्वर—साक्षीविनायक के समीप। मकान नं० डी० १०/५०।

मयूखादित्य—मंगलागौरी के मंदिर में। मकान नं० के २४/३४ में।

मयूखार्क तीर्थ—लक्ष्मणवाला घाट के सामने गंगाजीमें। वहीं पर कुंड है जिससे किरणा नदी का उद्भव माना जाता है।

मरीचिकुंड—नाग कुंआ के उत्तर लुप्त।

मरुकेश्वर—देखिये नैॠतेश्वर।

मरुत्त तीर्थ—रामघाट तथा अग्नीश्वर घाट के बीच में गंगाजी में।

महाकालेश्वर—(१) वृद्धकाल के घेरे में वृद्धकाल के मंदिर से पश्चिम में। (२) कालभैरव के पूर्व मकान नं० के० ३२/२४ में पुन: स्थापना। वृद्धकाल के पूर्व महाकालकुंड लुप्त। पहले वहीं महाकाल थे। एक महाकालेश्वर ओंकारेश्वर के पास भी थे वे भी लुप्त हैं।

महाकालेश्वर द्वितीय—महाकाल गण द्वारा स्थापित। पुराना स्थान ज्ञानवापी के आग्नेयकोण के पीपल के पास। पुन:स्थापना विश्वनाथ जी के घेरे में वैकुंठेश्वर के पश्चिम के मंदिर में बड़ा शिवलिंग।

महादेव—आदि महादेव नाम से प्रसिद्ध। त्रिलोचन के पूर्वोत्तर।

महादेव कूप—महादेव के प्राचीन स्थान के समीप राजघाट किले के पश्चिम लुप्त। इसको सारस्वत कूप भी कहते थे।

महानादेश्वर—आदि महादेव के मन्दिर में।

महापाशुपतेश्वर—नैपाल पशुपति नाम से प्रसिद्ध। ललिताघाट पर मकान नं० डी० १/६७ में।

महाबल नृसिंह—कामेश्वर महादेव के घेरे में पुनः स्थापित। प्राचीन स्थान ओंकारेश्वर के पूर्व। लुप्त।

